No 1/7/2017-समन्वय.

भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग

छठा तल, 'बी' विगं, लोक नायक भवन,
खान मार्किट, नई दिल्ली–110003
दिनांकः 06 अक्टुबर, 2017

सेवा में,

1. श्री नन्द कुमार साय, माननीय अध्यक्ष,
2. सुश्री अनुसुईया उइके, माननीय उपाध्यक्ष,
3. श्री हरिकृष्ण डामोर, माननीय सदस्य,
4. श्री हर्षदभाई चुनीलाल वसावा, माननीय सदस्य,
5. श्रीमती माया चिंतामण ईवनाते, माननीय सदस्य,

विषयः राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की दिनांक 16.8..2017 को 15:00 बजे सम्पन्न 98वीं बैठक मे हुइ चर्चा का कार्यवृत्त

महोदय/महोदया,

मुझे उपर्युक्त विषय का उल्लेख करते हुए यह कहने का निदेश हुआ है कि आयोग की 98वीं बैठक आयोग के सम्मेलन कक्ष, लोकनायक भवन, नई दिल्ली मे दिनांक 16.8..2017 को 15:00 बजे सपन्न हुई थी। बैठक की अध्यक्षता श्री नन्द कुमार साय, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा की गई। बैठक मे हुई चर्चा का कार्यवृत्त की एक प्रति सूचना एवं अभिलेख हेतु संलग्न है।

भवदीय,

(के.डी. बंसौर)श्रीमती
निदेशक

98वीं बैठक की कार्यवृत की एक प्रति निम्नलिखित अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित है कि बैठक मे लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध मे जानकारी प्रत्येक संबधित एकक/कार्यालय द्वारा दिनांक 23.10.2017 तक अंवश्य ही समन्वय एकक को भेज दी जाए।

1. निदेशक (अनुसंधान एकक–III & IV)
2. उप सचिव ( अनुसंधान एकक– I & II)
3. अवर सचिव (समन्वय, स्थापना एवं अनुसंधान एकक– IV)
4. सहायक निदेशक (प्रशा. एवं अनुसधान एकक– III)/ सहायक निदेशक, (राजभाषा एवं अनुसंधान एकक–I & II)

प्रतिलिपिः 98वीं बैठक के कार्यवृत्त की प्रति सूचनार्थ अग्रेषितः

1. माननीय अध्यक्ष के निजी सचिव
2. माननीय उपाध्यक्ष के निजी सचिव
3. माननीय सदस्य (श्री एच.के.डी) के निजी सहायक
4. माननीय सदस्य (श्री एच.सी.वी) के निजी सचिव
5. माननीय सदस्य (श्रीमती एम.सी.आई) के निजी सहायक सचिव
6. सचिव के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
7. संयुक्त सचिव के निजी सहायक
8. निदेशक/सहायक निदेशक/अनुसंधान अधिकारी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल/भुवनेश्वर/जयपुर/रायपुर/रांची/शिलांग।
9. आयोग की एनआईसी वेबसाइट पर डालने हेतु।

No.1/7/2017-Coord.
**Government of India**
**National Commission for Scheduled Tribes**
******

6th Floor, 'B' Wing, Lok Nayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi -110003
Dated: 6th October, 2017

To,

1. Shri Nand Kumar Sai, Hon'ble Chairperson
2. Miss Anusuiya Uikey, Hon'ble Vice-Chairperson
3. Shri Hari Krishna Damor, Hon'ble Member
4. Shri Harshadbhai Chunilal Vasava, Hon'ble Member
5. Smt. Maya Chintamn Ivnate, Hon'ble Member

**Subject: Summary Record of discussions of 98th Meeting of National Commission for Scheduled Tribes (NCST) held on 16.8.2017 at 15:00 Hrs.**

Sir/Madam,

I am directed to refer to the above subject and to say that 97th meeting of the National Commission for Scheduled Tribes was held on 16.8.2017 at 15:00 Hrs. in the Conference Room of NCST at Lok Nayak Bhawan, New Delhi. The Meeting was presided over by Shri Nand Kumar Sai, Hon'ble Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes. A copy of the Summary Record of discussions of meeting is enclosed for information and record.

Yours faithfully,

(K.D Bhansor) Mrs.
Director

Copy of the Summary Record of discussions of 98th meeting of NCST is forwarded to the following Officers with request that information about action taken on the decision taken in the meeting concerning each Unit/Office may be furnished to Coordination Cell by 23.10.2017 positively:

(i) Director (RU-III & IV)
(ii) Deputy Secretary (RU-I & II)
(iii) Under Secretary (Coordination, Estt.& RU-IV)
(iv) Assistant Director (RU-III & Admin)/AD (OL & RU-I & II)

Copy of Summary Record of discussion of 98th meeting is forwarded for information to:

1. PS to Hon'ble Chairperson, NCST
2. PS to Hon'ble Vice-Chairperson, NCST
3. PA to Hon'ble Member (Shri HKD), NCST
4. PS to Hon'ble Member (Shri HCV), NCST
5. PS to Hon'ble Member (Smt. MCI), NCST
6. Sr.PPS to Secretary, NCST
7. PA to Joint Secretary, NCST
8. Director/Assistant Director/Research Officer in Regional Office of NCST at Bhopal/Bhubaneshwar/Jaipur/ Raipur/ Ranchi/Shillong
9. NIC, NCST for uploading on the website.

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एन.सी.एस.टी) की 98वीं बैठक में हुई चर्चा का कार्यवृत्त।

(फाईल सं. 1/7/2017–समन्वय)

दिनांक : 16.8.2017 समय : 15.00 बजे

स्थान : सम्मलेन कक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, छठा तल, लोकनायक भवन, नई दिल्ली–110003

अध्यक्षता : श्री नन्द कुमार साय, माननीय अध्यक्ष।

प्रतिभागियों की सूची :

1. सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष
2. श्री हरि कृष्ण डामोर, सदस्य
3. श्री हर्षदभाई चुनीलाल वसावा, सदस्य
4. श्रीमती माया चिंतामण ईवनाते, सदस्य
5. श्री राघव चंद्रा, सचिव
6. श्री एस.के. रथ, संयुक्त सचिव
7. श्रीमती के.डी. बंसौर, निदेशक
8. श्री पी.टी. जेम्सकुट्टी, उप सचिव
9. श्री डी.एस. कुंभारे, अवर सचिव
10. श्री एस.पी. मीना, सहायक निदेशक
11. श्री राजेश्वर कुमार, सहायक निदेशक

बैठक के लिए निर्धारित कार्यसूची मदों पर चर्चा की गई और निम्नलिखित निर्णय लिए गए–

| | |
|---|---|
| **कार्य सूची मद सख्या. 1**<br><br>**Agenda Item No. 1** | प्रेस कतरन समाचार पत्र मिन्ट, दिल्ली संस्करण दिनांक 12.4.2017 मे प्रकाशित शीर्षक "महत्वपूर्ण बाघ आवासों में आदिवासियों के लिए कोई वन अधिकार नहीं"।<br><br>Press Clipping dated 12.4.2017 published in the Mint, Delhi edition under the caption "No forest rights for tribals in critical tiger habitats" |

**(PC/1/2017/MENV1/SEOTH/RU-IV)**

1.1 प्रेस कतरन समाचार पत्र मिन्ट, दिल्ली संस्करण दिनांक 12.4.2017 मे प्रकाशित शीर्षक "महत्वपूर्ण बाघ आवासों में आदिवासियों के लिए कोई वन अधिकार नहीं" पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संज्ञान लिया। तदनुसार, आयोग ने पत्र संख्या पीसी/1/2017/एमईएनवी 1/सीओटीएच/आरयू–4 दिनांक 17.5.2017 द्वारा राष्ट्रीय बाघ सरंक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मत्रांलय से जानकारी मांगी। तदोपरांत, सचिव, राष्ट्रीय

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

अनुसूचित जनजाति आयोग ने, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के पत्र सं0 1–7/93–पीटी(खंड।) दिनांक 28.03.2017, जो कि बाघ रेंज के राज्यों के मुख्य वन्य जीव वार्डनों को अनिवार्य/महत्वपूर्ण बाघ आवासों में अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पारम्परिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (जिसे यहां पर बाद में एफआरए के रूप में संदर्भित किया जाएगा) के अंतर्गत अधिकार देने से विरत रहने की सलाह देता है, के संदर्भ में दिनांक 04.07.2017 को बैठक की । बैठक का मसौदा कार्यवृत्त संलग्न है। बैठक में चर्चित बिंदु निम्न है:–

(क) 10 लाख रूपए प्रति परिवार अपर्याप्त है और इसे कम से कम 20 लाख रूपए प्रति परिवार बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। उल्लेख किया गया कि भारत सरकार के पास रखी हुई कैम्पा (क्षतिपूर्ति वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण); [CAMPA] निधियां अनिवार्य/महत्वपूर्ण बाघ आवासों से अनुसूचित जनजातियो को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य के लिए उपयोग में लायी जानी चाहिए। एनटीसीए पैकेज का वर्तमान विकल्प–। जो केवल नकद क्षतिपूर्ति का प्रावधान करता है, उसका उपयोग केवल तभी किया जाए यदि लोग स्वैच्छिक रूप से इसका चुनाव करते हैं।

(ख) संरक्षित क्षेत्रों एवं बाघ अभ्यारण्यों के अनुसूचित जनजातियो के लोगों के पुनर्स्थापन की स्थिति में प्रत्येक अनुसूचित जनजाति के परिवार को संरक्षित क्षेत्र या बाघ अभ्यारण्यों से सटे हुए क्षेत्र में 4 हेक्टेयर या अनुसूचित जनजाति के द्वारा वास्तविक कब्जा के अधीन क्षेत्र तक, जो कि कम हो, वैसी ही जमीन उपलब्ध करवायी जानी चाहिए। यदि समान प्रकार की जमीन उपलब्ध न हो, तो संरक्षित क्षेत्रों और बाघ अभ्यारण्यों से अनुसूचित जनजाति के पुनर्स्थापन/पुनर्वास के लिए वास्तविक कब्जे के क्षेत्र का दोगुना या 8 हेक्टेयर जो भी कम हो उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। पुनर्स्थापन/पुनर्वास की सम्पूर्ण लागत कैम्पा से उद्भूत की जानी चाहिए।

(ग) नकद क्षतिपूर्ति या पुनर्स्थापन/पुनर्वास संपूर्ण प्रकिया तीन वर्षों की अवधि के भीतर पूरी की जानी चाहिए, इसमें असफल रहने की स्थिति में तुरन्त वन अधिकार प्रदान किए जाने चाहिए।

(घ) किसी भी वन निवासी अनुसूचित जनजाति सदस्य को उसके कब्जे के अधीन वन भूमि से रिक्त कराया या हटाया नहीं जाना चाहिए जब तक कि वन निवासी आदिवासी सदस्य को वैकल्पिक भूमि की मान्यता एवं अन्तरण पूर्ण नहीं हो जाता।

1.2 **उपरोक्त प्रकरण पर विस्तृत विचार विमर्श के उपरांत, आयोग ने निर्णय लिया कि उपरोक्त बिन्दुओं तथा प्रकरण पर राष्ट्रीय बाघ सरंक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मत्रांलय की एक बैठक की जाए।**

**[After detailed discussion on the matter, Commission decided to call a meeting of National Tiger Conservation Authority (NTCA) and Ministry of Environment, Forest and Climate Changes on the above points and matter.]**

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

| | |
|---|---|
| कार्य सूची मद सख्या 2<br><br>**Agenda Item No. 2** | इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा पेट्रोल पंप डीलरशिप निरस्त करने के संबंध मे श्री सोनुपंत कालु निंबेकर, मालिक, त्रिंबकेश्वर पेट्रोलियम, त्रिंबकेश्वर, तालुका एवं जिला–नासिक (महाराष्ट्र) से प्राप्त अभ्यावेदन दिनांक 22.6.2015.<br><br>Representation dated 22.6.2015 received from Shri Sonupant Kalu Nimbekar, Proprietor, Trimbakeshwar Petroleum, Trimbakehwar, Taluka and Distt.-Nashik, (Maharashtra) regarding termination of Petrol Pump dealership by the Indian Oil Corporation Limited. |

**(SKNB/2/2015/MPNG1/SEOTH/RU-II (RU-I)**

2.1 इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएँल), मुंबई द्वारा पेट्रोल पंप डीलरशिप को निरस्त करने के संबंध में श्री सोनुपंत कालु निंबेकर, मालिक, त्रिंबकेश्वर पेट्रोलियम, त्रिंबकेश्वर, तालुका एवं जिला–नासिक (महाराष्ट्र) से दिनांक 22/06/2015 का अभ्यावेदन प्राप्त हुआ। अभ्यावेदन मे आरोप लगाया कि अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को परेशान करने के लिए आईओसीएल द्वारा पेट्रोल पंप की डीलरशिप को निरस्त किया गया। उसने अभ्यावेदन मे प्रस्तुत किया कि:–

1. उसकी डीलरशिप को निरस्त करना अनुसूचित जनजाति समुदाय के सदस्य का उत्पीड़न करना।
2. पूर्व में आईओसीएल के मिलावट रोधी सेल द्वारा दिनांक 16.10.2013 को निरीक्षण किया गया, उसी दिन मुंबई में स्थित, कॉर्पोरेशन के महाराष्ट्र राज्य कार्यालय द्वारा एक पूर्व निरीक्षण किया गया, जिसके द्वारा पेट्रोल पंप के सभी वितरण एकक सही पाए गए।
3. आवेदक पिछले 20 वर्षों से व्यवसाय चला रहा है और गुणवत्ता और मात्रा के संबंध में कोई भी शिकायत नहीं थी।
4. यू/जी टैंकों और सभी अन्य उपकरणों की मरम्मत एवं देखरेख कॉरपोरेशन की अन्य एंजेसियों द्वारा की जाती है।
5. वितरण एककों के पूर्व निरीक्षण में किसी भी प्रकार की खराबी नहीं पाई गई।

2.2 प्रकरण को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के पत्र संख्या एसकेएनबी/3/2015/एमपीएनजी 1/एसईओटीएच/आर यू–2 दिनांक 10.7.2015 के द्वारा अध्यक्ष एवं प्रंबध निदेशक (सीएमडी) आईओसीएल. के साथ उठाया गया। आयोग के पत्र दिनांक 10.7.2015 के जवाब में, महा प्रबंधक (खुदरा बिक्री) आईओसीएल ने पत्र सख्या 4031/ए एम/एमएसओ/740–एनसीएसटी दिनांक 21.08.2015 के द्वारा जवाब दिया, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है:–

(क) त्रिंबकेश्वर पेट्रोलियम हमारा "बी" साइट रीटेल आउटलेट है जो महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्रिंबकेश्वर में स्थित है। रीटेल आउटलेट को दिनांक 30.7.1993 को, मालिक के रूप में अनुसूचित जनजाति वर्ग के श्री सोनुपंत कालु निंबेकर के अधीन अधिकृत किया गया था।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

(ख) दिनांक 16.10.2013 को, उपरोक्त रीटेल आउटलेट का मिलावट रोधी सेल (एएसी) द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, एम एस (पेट्रोल) वितरण एकक (मॉडलःएल एंड टी स्प्रींट जीटी 112123 बी वी 3 क्रम सं. एल एंड टी के जेड 2997) में अतिरिक्त अनधिकृत फिटिंग्स लगे हुए पाए गए थे।

(ग) गीलबारको–वीडर रूट (जीवीआर) से ओईएम (मूल उपकरण उत्पादक–पंप निर्माता) के प्रतिनिधि को रीटेल आउटलेट में बुलाया गया और उसने फिटिंग की जांच की ओर अपनी रिपोर्ट में पुष्टि की कि उपरोक्त उल्लेखित फिटिंग्स अनधिकृत हैं और ओईएम उपकरण के भाग नहीं है। तत्पश्चात्, अनधिकृत फिटिंग्स सहित कंट्रोल कार्ड, एस एमपी एस कार्ड को डीलर के प्रतिनिधि की उपस्थिति में निकाल दिए गए और संदूक में बंद करके सील कर दिया गया। एएसी दल द्वारा उक्त उल्लेख करते हुए एक पत्र दिया गया और उपरोक्त पर स्पष्टीकरण मांगा।

(घ) रीटेल आउटलेट से उत्पाद के नमूने लिए गए और उपरोक्त वितरण एकक को सील कर दिया गया। बाद में प्रयोगशाला में नमूनों की जांच की गई और जांच के अनुरूप पाए गए।

(ड.) आउटलेट से निकाले गए अनधिकृत फिटिंग्स को कोयम्बटूर के ओईएम के कारखाने में भेजा गया और पार्ट की जांच को आंखों से देखने के लिए डीलर को उपस्थित रहने के लिए दिनांक 25.10.2013 के पत्र द्वारा कहा गया। पत्र को डीलर ने विधिवत रूप से स्वीकार किया। शुरू में डीलर ने जांच की तिथि को बढ़ाने का अनुरोध किया लेकिन बाद में कहा कि वह जांच में उपस्थित नहीं हो पाएगा।

(च) वितरण एकक के अनधिकृत पुर्जों की कोयम्बटूर के ओईएम कारखाने में दिनांक 14.11. 2013 को जांच की गई और दिनांक 15.11.2013 की रिपोर्ट द्वारा यह पुष्टि की गई कि अतिरिक्त लगा हुआ पार्ट ओईएम उपकरण का हिस्सा नहीं है।

(छ) मात्रा को कम वितरण करने के लिए वितरण एकक में अतिरिक्त अनाधिकृत फिटिंग्स मार्केटिंग विषय दिशा–निर्देश (एम डी जी) 2012 के अंतर्गत स्पष्ट रूप से उल्लखंन करने वाला एक स्पष्ट मामला है और इसे गंभीर अनियमितता के अंतर्गत श्रेणीबद्ध किया गया है। एमडीजी 2012 के अनुसार इस प्रकार की गंभीर अनियमितता के लिए निर्धारित कार्रवाई प्रथम चरण में डीलरशिप को निरस्त करना है।

(ज) उपरोक्त को देखते हुए, एम डी जी 2012 के विभिन्न खंड़ों के अंतर्गत निरस्त करने के लिए दिनांक 10.3.2014 को कारण बताओं नोटिस (एस सी एन) जारी किया गया। डीलरशिप ने दिनांक 11.4.2014 के पत्र द्वारा एस सी एन का जवाब दिया। डीलर का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसको देखते हुए, दिनांक 19.8.2014 को सक्षम प्राधिकारी द्वारा एक वैयक्तिक सुनवाई डीलर को दी गई। सुनवाई में, डीलर ने एस सी एम में दिए गए जवाब को ही फिर से दोहराया। इसको देखते हुए, सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन लेने के बाद, डीलरशीप को दिनांक 11.2.2015 के पत्र द्वारा निरस्त किया गया।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

(झ) डीलर ने आरओ में विक्रय को रोकने के विरूद्ध राहत की मांग करते हुए आईओसीएल के विरूद्ध सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में रेगुलर सिविल सूट सं. 25/2014 दर्ज किया है।

(ञ) माननीय न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 13.02.2015 में बताया कि जैसे कि डीलरशिप निरस्त करने का आदेश वादी को पहले ही दिया गया था, निषेधाज्ञा की अस्थायी दावा बेवजह हैं, जिसे पेश किया गया।

2.3 आयोग ने आईओसीएल के पत्र दिनांक 21.8.2015 की प्रति सूचनार्थ एवं टिप्पणी के लिए अभ्यावेदक को भेजी। उपरोक्त जवाब पर, अभ्यावेदक ने दिनांक 16.09.2015 का प्रत्युत्तर माननीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को प्रस्तुत किया। माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने मामले पर दिनांक 22.4.2016 को सीएमडी, आईओसीएल के साथ एक बैठक निश्चित की। बैठक के कार्यवृत आयोग पत्र संख्या एसकेएनबी/3/2015/एमपीएनजी 1/एसईओटीएच/आर यू–2 दिनांक 02.05.2016 के द्वारा सी एम डी, आई ओसीएल, मुंबई को भेजा। उपरोक्त कार्यवृत में आयोग ने आवेदक के नाम में पेट्रोल पंप को निरस्त करने के लिए पहले लिए गए निर्णय तथा अपनाई गई प्रक्रिया में पाई गई गलतियों को ध्यान में रखते हुए उसके पक्ष में उसको बहाल रखने की समीक्षा करने के लिए आईओसीएल को सलाह दी। इसके अलावा, विश्वास करने का यह एक मजबूत कारण है कि यह सब अनुसूचित जनजाति को आंबटित, जो पिछले 20 वर्षों से व्यवसाय में है, को परेशान करने के उद्देश्य से किया गया है तथा पहले उसके विरूद्ध कोई शिकायत नहीं है। आयोग ने तद्नुसार आदेश दिए। आईओसीएल द्वारा लिए गए निर्णय तीन सप्ताह के भीतर आयोग को सूचित किया जाए असफल होने पर इस संबंध में एक और बैठक सभी संबंधित अधिकारियों को अवगत कराई जाएगी।

2.4 दिनांक 22.04.2016 को आयोजित आयोग की बैठक के कार्यवृत्त के जवाब में, आईओसीएल ने पत्र संख्या 4031/ए एम/एमएसओ/740–एनसीएसटी दिनांक 13.05.2016 के द्वारा जवाब दिया जो उनके पूर्व के दिनांक 21.08.2015 के जवाब का अनुवर्ती है। आईओसीएल के उपरोक्त जवाब की प्रति सूचनार्थ अभ्यावेदक को भेजी गई और उसने आयोग को दोबारा दिनांक 07.06.2016 का प्रत्युत्तर दिया। माननीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने दिनांक 27.07.2016 को 12:00 बजे सीएमडी, आईओसीएल. के साथ दूसरी बैठक सुनिश्चित की। तद्नुसार, आयोग ने संबंधित प्राधिकारियों को एक सिटिंग नोटिस जारी की। उपरोक्त बैठक में मामले की चर्चा हुई और बैठक का कार्यवृत्त आयोग के पत्र संख्या एसकेएनबी/3/2015/एमपीएनजी 1/एसईओटीएच/आर यू–2 दिनांक 29.08.2016 द्वारा आईओसीएल को भेजा गया, जिसमें आयोग ने आईओसीएल को श्री सोनुपंत कालु निंबेकर को पेट्रोल पंप बहाल रखने की सलाह दी, क्योंकि अनुसूचित जनजाति मालिक को परेशान करने के विचार से निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण नहीं करते हुए, आईओसीएल का मनमाना निर्णय है, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से पत्र प्राप्त होने के सात दिन के भीतर, असफल होने पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम,1989 के तहत आईओसीएल के दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई शुरू की जाएगी। कार्यवृत्त की एक प्रति सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को भी उसके स्तर पर उचित कार्रवाई करने हेतु भेजी गई है।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

2.5 इस संबंध में, आईओसीएल ने दिनांक 22.04.2016 और 27.07.2016 को आयोग में हुई बैठको के कार्यवृत्त के संदर्भ में, अपने पत्र संख्या एमएसओ/एनसीएसटी/त्रिंबकेश्वर दिनांक 10.10.2016 के पत्र द्वारा आयोग को सूचित किया कि आईओसीएल ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका (सी) सं. 9186/2016 दाखिल की।

2.6 माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका (सिविल) सं. 2016 का 9186 में आईओसीएल ने आयोग को प्रतिवादी सं. 1 बनाया गया है। आईओसीएल ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष, नीचे दिए गए बिन्दुओं के अनुसार अनुरोध किया है:

(क) कानून में इसकी शक्तियॉ एवं प्राधिकार अवैधानिक होने के कारण प्रतिवादी सं. 2 द्वारा दिनांक 22.06.2015 को दिए गए अभ्यावेदन/शिकायत के अनुसरण में प्रतिवादी सं. 1 द्वारा जारी दिनांक 02.05.2016 (जिसमें 22.04.2016 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त शामिल है) के साथ–साथ दिनांक 29.08.2016 (जिसमें 27.07.2016 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त शामिल है) की संसूचनाओं को निरस्त एवं अपास्त करते हुए, रिकॉर्ड मांगते हुए उत्प्रेषण की प्रकृति की एक उपयुक्त रिट, आदेश या निर्देष जारी करें।

(ख) कानून और संविधान द्वारा बाध्य प्रक्रिया का दुरूपयोग करते हुए दिनांक 22.06.2015 को अभ्यावेदन/शिकायत से व्युत्पन्न सभी कार्यवाहियों को निरस्त एवं अपास्त करते हुए एक रिट, आदेश अथवा निर्देश जारी करें।

(ग) प्रतिवादी सं. 1 के समक्ष प्रतिवादी सं. 2 द्वारा दर्ज दिनांक 22.06.2016 की शिकायत को निरस्त एवं अपास्त करते हुए एक रिट, आदेश अथवा निर्देश जारी करें।

(घ) यह निर्देश दे कि अभ्यावेदक, प्रतिवादी सं. 2 के डीलरशिप को निरस्त करने के संबंध में प्रतिवादी सं. 1 द्वारा दिए गए निष्कर्ष अधिकार क्षेत्र बिना एवं गैर–बाध्यकारी हैं अतः नॉन–ऐस्ट है। और

(ड.) माननीय न्यायालय मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में जो भी उपयुक्त और उचित समझे, ऐसा कोई दूसरा या अन्य आदेश पारित करें।

2.7 **न्यायालय के मामले के जवाब को तैयार करते समय, यह महसूस किया गया कि पूर्व उपाध्यक्ष महोदय की सलाह विभिन्न कारणो से पुनर्विचार योग्य है। तदनुसार, आयोग ने निर्णय लिया कि इस मामले को आगे नही बढ़ाया जाए और पूर्व उपाध्यक्ष द्वारा दी गई सलाह को आयोग ने निरस्त किया।**

**[While preparaing response to Court case, it was felt that advice of former Vice-Chairperson appears to merit review. Accordingly, the Commission decided not to press with the matter further and rescinded the advice given by the former Vice-Chairperson.]**

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

| | |
|---|---|
| कार्य सूची<br>मद सख्या 3 | पिता के नाम के बिना बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कठिनाई। |
| **Agenda Item No. 3** | Difficulty in obtaining Caste Certificate for the children without name of father. |

**(AK/1/2017/MSJE1/DEOTH/RU-II)**

3.1 निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, ने पत्र संख्या 17020/27/2017–एससीडी (आर.एल.सेल) दिनांक 6.7.2017 द्वारा श्रीमती मेनका सजंय गांधी, माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के पत्र संख्या 4/एम/कैब/17–18 दिनांक 11.4.2017 की एक प्रति अग्रेषित (प्रतिलिपि संलग्न) करते हुए उपरोक्त प्रकरण पर, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को टिप्पणिया देने का अनुरोध किया।

3.2 माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के पत्र में यह बताया गया है कि विवाह विच्छेद और पति तथा पत्नी के बीच अलगाव होना एक सच्चाई है जिसे हम नजरदांज नही कर सकते। हमे इस तथ्य को समझने की आवश्यकता है कि प्रकियाओं/कानूनों मे कुछ कमियां होने के कारण ऐसी परिस्थितियों में महिलाओं की उनके अधिकार तथा पात्रता प्राप्त नही होते। कई महिलाओं को तो उनके बच्चो को पिता के नाम के बिना जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने मे समस्याएं होती हैं।

3.3 **उक्त प्रकरण पर आयोग ने भारत सरकार, गृह मत्रांलय के "अन्तर्जातीय विवाहित जोडों की सन्तान की स्थिति" विषय पर सभी राज्यो/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों को पत्र संख्या 39/37/73–एससीटी–1 दिनांक 21.5.1977 (प्रति संलग्न) जो स्वतः स्पष्ट है पर विचार विमर्श किया तथा आयोग की सलाह है कि इस पत्र के निर्देशों का पालन किया जाना उचित होगा।**

[Commission discussed the instructions on "Caste staus of the offsprings of inter-caste married couples" issued by the Government of India, Ministry of Home Affairs to the Chief Secretaries of all States/UTs, vide letter No. 39/37/73-SCT-1 dated 21.5.1977 (copy enclosed), which is self explanatory on the above issue and advised that it would be approporiate that instructions issued in the letter be followed ].

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

अतिरिक्त कार्य सूची मद
**Additional Agenda Item**

| | |
|---|---|
| कार्य सूची मद सख्या 1 | दिनांक 18/05/2017 की प्रेस कतरन, मिलेनियम पोस्ट, दिल्ली संस्करण मे "केंदु के पत्तों के लिए कलह" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित हुआ। |
| **Agenda Item No. 1** | Press Clipping dated 18.5.2017 published in Millennium Post, Delhi edition under the caption "At loggerheads for kendu leaves" |

**(33/Press Clipping/8/2017/RU-III)**

1.1 दिनांक 18/05/2017 प्रेस कतरन, मिलेनियम पोस्ट, दिल्ली सस्करण मे "केंदु के पत्तों के लिए कलह" शीर्षक के अंर्तगत प्रकाशित हुआ। तदनुसार, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग पर प्रकरण पर संज्ञान लिया तथा सचिव, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने दिनांक 2/6/2017 को मामले पर चर्चा करने के लिए प्रधान सचिव, वन विभाग, ओडीशा सरकार, सचिव, वन विभाग, महाराष्ट्र सरकार तथा प्रबंध निदेशक, ट्राइफेड को बुलाया।

1.2 प्रधान सीसीएफ (केंदु पत्ता), ओडीशा सरकार तथा एपीसीसीएफ (एनटीटीपी), महाराष्ट्र सरकार के साथ चर्चा हुई। चर्चा का कार्यवृत का प्रारूप संलग्न है। प्रारंभिक बैठक में निम्नलिखित बिन्दु उभर कर आये, जो आयोग के समक्ष रखे गये :–

(क) केंदु पत्तों के संबंध मे ओडिशा मे अनुसूचित क्षेत्रो मे अनुसरण किया जा रहा केन्द्रीय विनियमित केंदु व्यापार का वर्तमान चलन, पेसा अधिनियम (Panchayats (Extension to the Scheduled Areas) Act, 1996 (PESA) के अनुरूप नहीं है।

(ख) वन अधिकार अधिनियम (The Scheduled Tribes and othe Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006 (Forest Rights Act) के अनुसार, ग्राम सभा के पास केंदु के पत्तों के स्वामित्व, संग्रहण, उपयोग तथा नष्ट करने का अधिकार है।

(ग) ओडीशा सरकार को 2014–15 मे महाराष्ट्र सरकार के अधिनियमो के समान ओडीशा मे अनुसूचित क्षेत्रो मे जनजातीय लोगो को केंदु के पत्तों के स्वामित्व, संग्रहण, विक्रय के अधिकारो को देने के लिए संविधान की पॉचवी अनुसूची के पैरा 5(1) के अंतर्गत राज्यपाल मे निहित विशेष शक्तियों का प्रयोग करना चाहिए।

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

1.3 आयोग ने उपरोक्त बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की तथा यह निश्चित किया कि अंतिम निर्णय लेने से पहले, महाराष्ट्र तथा ओडीशा राज्यो के वन विभाग **(Forest Department)** एवं अनुसूचित जनजाति विकास विभाग **(Tribal Development Department)** के वरिष्ठ अधिकारियों तथा अनुसूचित जनजातियो के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जाए। महाराष्ट्र सरकार द्वारा वर्ष 2014–15 मे बनाए गए अधिनियमों की वास्तविकता तथा कियान्वयन की जानकारी हेतु, महाराष्ट्र राज्य के ग्राम सभा प्रतिनिधियो तथा महाराष्ट्र राज्य के अनुसूचित जनजाति विकास विभाग **(Tribal Development Department)** तथा वन विभाग **(Forest Department)** के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महाराष्ट्र राज्य मे बैठक आयोजित की जाए। तदुपरांत, ओडीशा राज्य मे वहां के ग्राम सभा प्रतिनिधियो तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ओडीशा राज्य मे बैठक आयोजित की जाए।

**[Above points was dicussed in detail and Commission decided that before taking a final decision, the matter should be discussed with the Senior Offcers of the Forest Department and Tribal Development Department of the States of Maharashtra and Odisha along with Scheduled Tribes representatives. To assess the reality and implementation of the enactments of Government of Maharashtra in 2014-15, a meeting should be organized with the Senior Officers of Forest Department and Tribal Development Department of Government of Maharashtra along with representatives of Gram Sabhas at Maharashtra State. Thereafter, a meeting should be organized with the Senior Officers of Forest Department and Tribal Development Department, Government of Odisha along with Gram Sabha representative at Odisha State].**

(नन्द कुमार साय)
अध्यक्ष,
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

नन्द कुमार साय/Nand Kumar Sai
अध्यक्ष/Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

PROCEEDINGS OF THE MEETING HELD ON 4.7.2017 UNDER THE CHAIRMANSHIP OF SECRETARY, NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES REGARDING PRESS CLIPPING UNDER THE CAPTION "NO FOREST RIGHTS FOR TRIBALS IN CRITICAL TIGER HABITATS".

---

A meeting was held on 4.7.2017, under Chairmanship of the Secretary, National Commission for Scheduled Tribes, Government of India, in context of a National Tiger Conservation Authority's letter No.1-7/93-PT(Vol.I) dated 28.3.2017 which had advised the Chief Wildlife Wardens of tiger range States to refrain from conferring rights under the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006 (hereinafter referred to as the FRA) in core/critical tiger habitats. A list of participants is annexed.

2. At the outset, the Chairman welcomed the participants which was followed by a round of introductions of members present. The Assistant Inspector General of Forests, National Tiger Conservation Authority gave a short presentation on the background of the letter issued as follows;

a. The NTCA, vide its aforesaid letter, had advised Chief Wildlife Wardens of Tiger States to refrain from conferring rights in "Critical Tiger Habitats", already notified by State Governments under Section 38V (4)(i) of the Wildlife (Protection) Act, 1972.

b. This was extremely essential to avoid confusion at the level of field formations, since the said Section [(read along with 38V (5)] already provides at length the process for identification/settlement of rights in such areas.

c. It is further stated that provision for notification of "Core Critical Tiger Habitat" is a very special dispensation provided only in Chapter IV B of the Wildlife (Protection) Act, 1972, based on the amendment to the said Act in 2006, to take care of the special/territorial land tenure dynamics of the critically endangered tiger with marked/ aggressive intra and inter specific interactions.

d. The provision for notifying "Critical Wildlife Habitat" is contained only in the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006. Thus, the communication under reference from the NTCA was essential to prevent confusion amongst the bonafide people and Field Managers.

e. Conferring rights under "Critical Wildlife Habitat" for core/critical tiger habitats of tiger reserves involves invoking Section 4(2) of the FRA, amounting to a repetitive process which is already being taken care by the Wildlife (Protection) Act, 1972 (read with the FRA).

f. It was discussed critically that in declaring an area as a National Park or Wildlife Sanctuary, a two stage process has been described by the Wildlife (Protection) Act, 1972:

(i) The intent to declare an area as a Sanctuary (Section 18) or a National Park {Section 35(1)}.

(ii) Final notification as per Section 26A for a wildlife sanctuary and Section 35 (4) in respect of a National Park.

The entire process involves settlement of rights which is detailed in section 19 to 26A of the Wildlife (Protection) Act, 1972. Once final notification has been issued, no further settlement of rights can be carried out.

g. In addition, section 38V (5) of the WL(P)A, 1972 clearly describes the process of settlement of rights. In fact, it is pertinent to mention at this juncture, that the FRA, 2006 as per provisions of section 4(2)(b) borrows procedure from the WL(P)A, 1972 in so far as settlement of rights of tribals and other forest dwellers are concerned, and hence, derives strength from the WL(P)A.

h. However, the National Tiger Conservation Authority observed during supervisory field visits in tiger reserves of Maharashtra, that rights under the FRA were being conferred even after the final notification as outlined above had been issued, besides being notified as a Critical Tiger Habitat under Section 38V (4)(i) of the Wildlife (Protection) Act, 1972.

3. The Secretary, NCST was appraised that nearly 44000 families still reside in core/critical tiger habitats of India's tiger reserves. It is, therefore, desired that the matter should be dealt carefully so that the welfare of tribals and tiger conservation are not at the expense of each other.

